सीता राम के प्यारे पवन कुमार

सीता राम के प्यारे पवन कुमार हनुमत वीरा बजरंगी
अपने भगतो का लगा दो बेडा पार हनुमत वीरा बजरंगी,

रोम रोम में राम तुम्हरे हे बजरंग बलधारी,
माँ अंजनी के आँख के तारे शिव जी के अवतारी,
ब्रह्मा विष्णु करते तेरी जय जय कार,हनुमत वीरा बजरंगी
अपने भगतो का लगा दो बेडा पार हनुमत वीरा बजरंगी,

देवो का तू देव है बाबा ज्ञान और गुण का सागर,
बजरंग बाला ज्योति से तेरी तीनो लोक उजागर,
बिगड़ी भक्तो की बनती है तेरे द्वार हनुमत वीरा बजरंगी
अपने भगतो का लगा दो बेडा पार हनुमत वीरा बजरंगी,

कैसे तुझे रिजाऊ बाबा कैसे तुझे मनाऊ,
मिश्री मेवा पान सुपारी तुझको भोग लगाउ
करलु मुझ निर्धन की भेट स्वीकार,हनुमत वीरा बजरंगी
अपने भगतो का लगा दो बेडा पार हनुमत वीरा बजरंगी,

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/12687/title/sita-ram-ke-pyaare-pavan-kumaar-hanumat-veer-bajrangi

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |